कार्यालय –अधिष्ठाता छात्र कल्याण

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

पत्रांकः 545/अ०छा०क० / 2024 दिनॉकः 14 / 08 / 2024

: : आवश्यक सूचना : :

शैक्षिक सत्र 2024–25 में नव–प्रवेशित प्रथम वर्ष बी०टेक०, बी०एस०एम०एस० एवं बी०बी०ए० के समस्त छात्रों / छात्राओं के छात्रावास आवंटन हेतु सूची विश्वविद्यालय की वेब साइट (www.hbtu.ac.in) पर प्रदर्शित / अपलोड कर दी गई है। छात्रावास आवंटन से सम्बन्धित जानकारी के लिये दिनांक 16 अगस्त, 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण स्थित **''राधा कृष्णन''** सभागार में **हेल्प–डेस्क** की सुविधा रहेगी, जिसमें सम्बन्धित छात्रावास अभिरक्षक आपकी सहायता हेतु सभागार में उपलब्ध रहेंगे।

ऐसे छात्र / छात्रायें जिनका विश्वविद्यालय के नवीन पाठ्यक्रम (बी०फार्मा०, बायोटेक०) में प्रवेश हुआ है तथा वह छात्रावास आवंटन के इच्छुक हैं, वे अपना–अपना प्रत्यावेदन उपरोक्त निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान (**''राधा कृष्णन''** सभागार) में देकर छात्रावास अवंटित करा सकते हैं।

(प्रो0 अलक कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच०बी०टी०यू०, कानपुर को इस अपेक्षा के साथ प्रेषित कि प्रथम वर्ष बी०टेक०, बी०एस०एम०एस० एवं बी०बी०ए० के नव–प्रवेशित छात्रों / छात्राओं को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. विशेष कार्याधिकारी, मा० कुलपति कार्यालय को मा०कुलपति जी, एच०बी०टी०यू०, कानपुर के संज्ञानार्थ।
3. विश्वविद्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने हेतु।
4. छात्रावास अभिरक्षक, श्रीधराचार्य छात्रावास, रामानुजन छात्रावास एवं कावेरी छात्रावास को इस आशय के साथ कि आवंटन से सम्बन्धित समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करें साथ ही उपरोक्त निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान (**''राधा कृष्णन''** सभागार) पर उपस्थित होना सुनिश्चित् करें।
5. सिस्टम मैनेजर, एच०बी०टी०यू०, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित की उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेब साइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

(प्रो0 अलक कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

Scanned with CamScanner